## न्यूज डायरी



### सोने की रायफल से साथ मेक्सिकन माफिया गिरफ्तार, करोड़ों का नशीला पदार्थ भी सीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू मेक्सिको। ड्रग माफिया और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई में मेक्सिको पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हाल में ही की गई एक छापे के दौरान नशीली दवाओं के तस्करी से जुड़े लॉस बिगटोनास गैंग के मुखिया को एआर–15 असाल्ट रायफल के साथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह अपराधी ड्रग तस्करी, अवैध हथियारों का कारोबार, हत्या और डकैती समेत कई मामलों में शामिल है। मेक्सिकन लॉस बिगटोनास गैंग के मुखिया का असली नाम विक्टर इवान है जिसे लोग एल योरी के नाम से भी जानते हैं। पुलिस ने इस खूंखार अपराधी को सेंट्रल पुएब्ला राज्य के तेहुआकान से पकड़ा। इसके पास से 38 बैग क्रिस्टल मेथ और एक नक्काशीदार एआर–15 रायफल और 20 कारतूस बरामद की गई।

### पीओके में पाक का दमन जारी, लोगों ने पूछा– क्या हम इंसान नहीं?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पीओके। कोरोना के कहर के बीच भी पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों के ऊपर पाकिस्तानी प्रशासन के अत्याचारों का सिलसिला जारी है। पूरी दुनिया में लॉकडाउन के बावजूद प्रधानमंत्री इमरान खान ने धर्मगुरुओं के दबाव में आकर देश के बाजारों को खोल दिया लेकिन इससे पीओके के लोगों को अलग रखा गया। इसके खिलाफ यहां के नागरिक अब आवाज उठा रहे हैं। गिलगित–बाल्टिस्तान क्षेत्र में एनएलआई बाजार के व्यापारियों ने कहा कि उनके साथ स्थानीय प्रशासन भेदभाव कर रहा है। जब पूरे पाकिस्तान में अन्य सभी बाजार खुले हैं तो हमें अपने बाजारों को बंद रखने के लिए मजबूर क्यों किया जा रहा है। क्या हम इंसान नहीं हैं? क्या हमारे बच्चे नहीं हैं? बता दें कि पाकिस्तान शुरू से ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों के साथ भेदभाव करता रहा है। यहां तक कि इस क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों को वोट देने तक का अधिकार नहीं है।

### नेपाल में कोरोना वायरस के 83 नए मामलेय संक्रमितों की संख्या 217 पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल में कोरोना वायरस संक्रमण के 83 नए मामले सामने आए, जो देश में एक दिन में हुई सर्वाधिक वृद्धि है। इन नए मामलों के साथ नेपाल में कोविड–19 के कुल मामलों की संख्या 217 तक पहुंच गई। नये मामलों में 26 भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र से सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घातक कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए नेपाल में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगा हुआ है। नेपाल अभी उन देशों में शामिल है, जहां कोविड–19 के मामले बहुत कम हैं और इससे अब तक कोई मौत नहीं हुई है। स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय के संयुक्त प्रवक्ता, समीर कुमार अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 83 नए मामलों के साथ नेपाल में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 217 हो गई है।

### चीन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में अमेरिका, संसद में विधेयक पेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। कोरोना वायरस संक्रमण से जूझ रहे अमेरिका में चीन के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। कई अमेरिकी नेताओं ने चीन पर संक्रमण का डेटा छुपाने का आरोप भी लगाया है। इन सबके बीच अमेरिकी संसद में चीन पर प्रतिबंध लगाने को लेकर एक विधेयक भी पेश हुआ है। अगर यह विधेयक पास हो जाता है तो चीन को आर्थिक रूप से बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। संसद में इस विधेयक को नौ प्रभावशाली अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने पेश किया है। इसमें कहा गया है कि यदि चीन कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के पीछे की वजहों की पूरी जानकारी मुहैया नहीं कराता है और इसे काबू करने में सहयोग नहीं देता है, तो अमेरिका के राष्ट्रपति को चीन पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस विधेयक को कोविड–19 जवाबदेही अधिनियम नाम दिया गया है।

# 82 हजार नहीं, चीन में संक्रमितों की तादाद 6 लाख के पार!

## लीक डेटा में मरीजों के मिलने का स्थान भी दर्ज, 230 शहर में फैला है संक्रमण

**खुलासा**

- चीन ने कोरोना संक्रमित मरीजों के डेटा में की हेरफेर, लीक डेटा में खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
बीजिंग। कोरोना वायरस महामारी को लेकर चीन के जारी किए गए आंकड़ों और संक्रमण को पूरी तरह रोक पाने के दावों पर लगातार संदेह बना हुआ है। अमेरिका समेत कई देशों ने चीन पर खुलेआम संक्रमण के आंकड़े छुपाने के आरोप लगाते रहे हैं। कोई भी आधिकारिक आंकड़ा रखने के मामले में चीन पहले से ही काफी बदनाम है। इन सबके बीच ताजा खुलासे ने चीनी दावों की पोल खोलकर रख दी है।



**तो चीन में 6]40]000 लोग संक्रमित!** फॉरेन पालिसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन में कोरोना के कारण 6,40,000 लोग संक्रमित हुए। जबकि इस खतरनाक वायरस ने चीन के 230 शहरों को अपनी जद मे लिया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इसमें फरवरी से लेकर अप्रैल के अंत तक संक्रमित लोगों की सूची मौजूद है। जबकि संक्रमित मरीजों की कंफर्म संख्या के साथ इसमें उनके मिलने के स्थान की जीपीएस कोडिंग भी दर्ज है।

**वुहान का डेटा भी शामिलः** इस डेटा में कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित हुबेई प्रांत के वुहान शहर में मिले संक्रमितों की संख्या भी शामिल है। इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि इस डेटा को अपडेट करने वाले कंफर्म और ठीक हुए रोगियों की संख्या के निर्धारण के लिए कौन सा तरीका प्रयोग करते थे।

**संक्रमित कहां मिले, इसकी पूरी जानकारी दर्जः** इस डेटा में अस्पतालों के साथ संक्रमितों के मिलने वाले स्थान जैसे होटल, सुपरमार्केट, रेलवे स्टेशन, रेस्तरां और स्कूलों के नाम भी शामिल हैं। जैसे इसमें लिखा है कि 14 मार्च को पूर्वी शहर झेनजियांग के एक रेस्टोरेंट में कोरोनोवायरस का एक मामला मिला, जबकि हरबिन के उत्तरपूर्वी प्रांतीय राजधानी के एक चर्च ने 17 मार्च को संक्रमण के दो केस मिले। हालांकि इस डेटा में इसका उल्लेख नहीं है कि संक्रमित मरीज ठीक हुआ या उसकी मौत हो गई।

**चीनी सरकार ने किया था ये दावा** चीनी सरकार ने दावा किया था कि उनके देश में नवंबर 2019 से लेकर अभी तक कोरोना के केवल 82919 मामले ही आए हैं। जबकि 4633 लोगों की मौत हुई है। चीन ने यह भी दावा किया था कि कोरोना संक्रमण उसके केवल एक ही प्रांत हुबेई में ही फैला था।

**अपने फायदे के लिए आंकड़ों में हेरफेर करता है चीन**
चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी अपने फायदे के लिए शुरू से ही हर आंकड़े में हेरफेर करती है। केवल कोरोना का ही नहीं, चीन के जीडीपी के वास्तविक आंकड़ों को आज तक कोई नहीं जान पाया। 1948 के बाद 2020 में पहली बार ऐसा हुआ है जब चीन ने यह स्वीकार किया कि उसकी विकास दर निगेटिव में गई है।

## दक्षिण कोरिया में समलैंगिकों के प्रति बढ़ रही घृणा, निशाने पर गे क्लब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सोल। कोरोना वायरस संकट से जूझ रहे दक्षिण कोरिया में समलैंगिकों के प्रति घृणा बढ़ती जा रही है। दरअसल, कोरोना से जंग में काफी आगे चल रहे दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में अचानक से इस महामारी से जुड़े मामलों में तेजी आ गई है। कोरोना वायरस के ताजा मामलों को देश के समलैंगिकों के क्लब से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि सोल में एक 29 वर्षीय समलैंगिक व्यक्ति ताजा मामलों का केंद्र है। यह व्यक्ति सोल के कई गे क्लबों में गया था। इसके बाद इन क्लबों में आने वाले अन्य लोगों में कोरोना वायरस फैल गया। इस व्यक्ति को 1 मई को कोरोना वायरस से पॉजिटिव पाया गया था। इस ताजा खुलासे के बाद दक्षिण कोरिया में समलैंगिकों के प्रति घृणा बढ़ गई है।

दक्षिण कोरिया में गे क्लब खुद का प्रचार समलैंगिकों के क्लब के रूप में नहीं करते हैं। इस बीच सोल शहर के मेयर पार्क वोन सून ने कहा है कि बड़ी संख्या में गे लोगों की निंदा मदद नहीं करती है। यह संकट पर और ज्यादा बुरा असर डालती है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों यह संक्रमण फैला है, उनकी लोग आलोचना कर रहे हैं और घृणाभरे बयान दे रहे हैं।



## मासूमों के खून से सना काबुल का अस्पताल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। दशकों से गृहयुद्ध की आंच में जल रहे अफगानिस्तान में मंगलवार का दिन खून खराबे से भरा रहा। राजधानी काबुल के पश्चिमी इलाके में आतंकवादियों ने एक महिला अस्पताल पर हमला कर दिया। एक घंटे तक आतंकवादियों ने खूनी खेल खेला। इस कायरना आतंकी हमले में 2 नवजात बच्चों समेत 16 लोगों की मौत हो गई। पूरा अस्पताल और आसपास की सड़कें निर्दोष लोगों के खून से लाल हो गईं। बताया जा रहा है कि इस हमले में कई बच्चों की मां और अस्पताल में तैनात नर्सों की भी मौत हो गई है। इस भीषण हमले में कई लोग बुरी तरह से घायल भी हुए हैं। महिला अस्पताल की एक तस्वीर ने तो लोगों का दिल झकझोर दिया।

# पाकिस्तान में हिंदू लड़की का अपहरण करके जबरन इस्लाम कबूल कराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। कोरोना वायरस महासंकट के बावजूद पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ अत्याचार, मासूम बच्चियों के अपहरण और धर्मपरिवर्तन का गंदा खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सिंध प्रांत के घोटकी इलाके के बारझुंडी का है। लड़की का नाम कविता कुमारी बताया जा रहा है। सिंध प्रांत में धर्म परिवर्तन की फैक्ट्री चलाने वाले मियां मिट्ठू ने कविता का धर्म परिवर्तन करके इस्लाम कबूल कराया है।

पाकिस्तानी मानवाधिकार कार्यकर्ता राहत ऑस्टिन के मुताबिक कविता का पहले मुस्लिम कट्टरपंथियों ने अपहरण किया

*सिंध के घोटकी इलाके के बारझुंडी का है, जहां कविता कुमारी को मुस्लिम बनाया गया*

और बाद में उसे मियां मिट्ठू के पास ले गए। मियां मिट्ठू ने जबरन कविता को इस्लाम धर्म कबूल कराया। इस घटना के बाद पाकिस्तान के हिंदू समुदाय में काफी गुस्सा है। मियां मिट्ठू को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी बताया जाता है। इमरान अक्सर मियां मिट्ठू से मुलाकात करते रहते हैं। यह वही इमरान खान हैं जिन्होंने पाकिस्तान को रियासत–ए–मदीना बनाने का वादा किया था। मियां मिट्ठू अब तक 1000 से ज्यादा अल्पसंख्यक बच्चियों का धर्म परिवर्तन करा चुका है।

ऑस्टिन कहते हैं कि मिट्ठू मियां के रसूख का अंजादा इस बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान उसे अपना प्रेरणास्रोत बताते हैं। पाकिस्तान में सबसे शक्तिशाली कहे जानी वाली सेना के प्रमुख कमर जावेद बाजवा खुद उससे मिलने जाते हैं और उसे पैसे देते हैं। मियां मिट्ठू की अपनी प्राइवेट आर्मी है और उसके हरम में बड़ी संख्या में लड़कियां सेक्स स्लेव के रूप में रहती हैं जो उसके अतिथियों को खुश करने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि पाक में धर्म परिवर्तन के इस खेल को बेहद सुनियोजित तरीके से पाक सरकार चला रही है।

## पाकिस्तान में अब दवा घोटाला! पीएम इमरान खान ने दिए जांच के आदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। एक तरफ दुनिया के अलग–अलग देशों समेत भारत इकॉनमी (पदकपं मबवदवउल) को बूस्ट करने के प्रयासों में जुटा है वहीं, पाकिस्तान घोटालों में ही फंसा हुआ है। प्रधानमंत्री इमरान खान (प्उतंद ख्रींद) ने भारत से 450 दवाओं के आयात में कथित घोटाले की जांच के आदेश दिए हैं। मीडिया में आई खबर के मुताबिक, जीवन रक्षक दवाओं के नाम पर विटमिन की गोलियां मंगाई गईं। भारत की ओर से 5 अगस्त को जम्मू–कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने के फैसले के बाद पाकिस्तान ने 9 अगस्त को भारत के साथ सभी कारोबारी संबंध तोड़ लिए थे। दवा कंपनियों के पाकिस्तान में महत्वपूर्ण दवाओं की संभावित कमी के बारे में चिंता जाहिर करने के बाद हालांकि सरकार ने जीवन रक्षक दवाओं और उनके कच्चे माल के आयात की इजाजत दे दी थी। विपक्ष की ओर से और मीडिया में आने वाली खबरों में बार–बार ऐसे आरोप लगाए जाते रहे हैं कि सरकार की तरफ से दी गई रियायत का दुरुपयोग हो रहा है और इस मामले की पारदर्शी जांच कराई जाए।